### कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कछगवां में हुई वारदात से क्षेत्र में सनसनी

# मैनेजर की बेरहमी से पिटाई के बाद उसे चूना भट्टे में डाल जिंदा जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कछगवां गांव स्थित सिमको कंपनी के मैनेजर चूना भट्टे में डालकर जिंदा जलाया दिया। गुरुवार को पुलिस कछगवां गांव में पहुंची। पुलिस ने मैनेजर के शव को चूना भट्टे से बाहर निकाला है। शव आधे से ज्यादा जल गया है। सूत्रों की माने तो मैनेजर को अज्ञात लोगों ने बेरहमी से मारपीट करने के बाद चूने के भट्ठे में डालकर जिंदा जला दिया। सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी लगी तो समूचे क्षेत्र में खलबली मच गई। यह बात जैसे ही क्षेत्र में फैली तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल को अपने नियंत्रण में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। भट्टे में जिंदा जलाए गए मैनेजर की लाश आधे से ज्यादा जल चुकी है। भट्टे से जब मैनेजर के शव को बाहर निकाला गया तो पुलिस के हाथ मैनेजर की बॉडी के कुछ अंश ही लगे बाकी सब कुछ जलकर खाक हो गया। भट्टे की आग को शांत करने के लिए पुलिस ने दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर मंगवाई जिससे भट्ठे में पानी का प्रेशर डालने के बाद आग को शांत किया गया, तब कहीं जाकर मृतक मैनेजर के शव को बाहर निकाला जा सका।



कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कछगवां में सिमकों कंपनी के चूना भट्ठा में समीपवर्ती ग्राम मुडेहरा निवासी 55 वर्षीय सम्मू विश्वकर्मा पिता सुंदरलाल विश्वकर्मा मैनेजर के तौर पर कार्यरत था। कुछ अज्ञात लोगों बीती 19 एवं 20 जून की दरमियानी रात मारपीट करते हुए उसे जिंदा भट्ठे में फेंक दिया। भट्टे में फेक जाने के कारण सम्मु की बॉडी का लगभग आधे से अधिक हिस्सा जलकर राख हो गया है। भट्टे से जब उसके शव को बाहर निकाला गया तो पुलिस के हाथ उसकी बॉडी के कुछ अंश ही लगे।

बताया जाता है कि मृतक मैनेजर पिछले 20 वर्षों से सिमको कंपनी के लिए काम करता था। जिस भट्ठे में मैनेजर की लाश मिली है उस भट्ठे के आसपास कई जगह पर खून के धब्बे भी पाए गए हैं। इसके अलावा भट्टे के ऑफिस में जमीन पर दो जगह 100 के नोट पड़े मिले हैं। जमीन पर इस तरह नोटों का बिखरा होना लूटपाट की आशंका को बल प्रदान करता है। स्थानीय लोगों के द्वारा लगाया जा रहा है कि मैनेजर की हत्या करने वाले आरोपी एक से अधिक संख्या में थे जिन्होंने इस गंभीर वारदात को अंजाम दिया।

### घटना के बाद डर के मारे भागे मजदूर

सूत्रों के अनुसार भट्ठे में हुई इस घटना के कारण वहां काम करने वाले मजदूर डर के कारण भाग खड़े हुए हैं। मैनेजर की हत्या को लेकर तरह तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। बातचीत करते हुए मृतक मैनेजर के पुत्र और भाई ने बताया कि मृतक मैनेजर का कंपनी के ही एक अन्य मैनेजर के साथ विवाद चलता था आए दिन दोनों के बीच में किसी बात को लेकर तनाव की स्थिति निर्मित हो जाती है पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सारे पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि कंपनी कार्यालय में एवं भट्टे के आसपास भी खून के छींटे मिले है। कार्यालय के अंदर एक दो स्थान पर सौ-सौ के नोट भी मिले हैं। जिसके कारण लूट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है।

# वृद्ध के पास से जब्त किया 43 हजार रूपए का गांजा

### विजयराघवगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ पुलिस ने एक वृद्ध को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। वृद्ध मोपेड से गांजे की खेप लेकर जा रहा था। जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया। आरोपी के पास से 43 हजार रुपए मूल्य का लगभग 4 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। आरोपी तस्कर के पास से गांजा जप्त करते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मादक पदार्थों की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा विशेष सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कोई व्यक्ति मोपेड वाहन से गांजे की खेप लेकर जा रहा है।

### गिर पड़ा मोपेड सवार वृद्ध

सूचना के आधार पर क्षेत्र भ्रमण पर निकली टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा चोरा मेन रोड पर वन विभाग की नर्सरी के समीप 19 जून की दोपहर लगभग 3: 20 बजे मोपेड क्रमांक एमपी 21 एमपी 35 32 के चालक को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा। मोपेड चालक को जब पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। भागते हुए मोपेड चालक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पकड़े गए मोपेड चालक बरही थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा निवासी 65 वर्षीय विश्वनाथ सिंह पिता ध्यान सिंह से पूछताछ करते हुए जब उसकी तलाशी ली गई तो मोपेड की डिक्की से एक थैले में चार पैकेट मिले। जिन्हें खोल कर देखा गया तो उसमें गांजा मौजूद था। वृद्ध के पास से 4 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वृद्ध के पास से पकड़े गए गंजे की कीमत लगभग 43 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में आयोजित हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**कटनी।** स्कूल चले हम अभियान - 2024 के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन जिले भर के शासकीय स्कूलों में किया गया। इस दौरान जिले के अधिकारियों ने प्रेरक के रूप में कक्षाओं में अध्यापन का कार्य किया एवं छात्र-छात्राओं को सुनहरे भविष्य की नींव रखने में आवश्यक टिप्स दिए। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद ने देवरा खुर्द स्कूल में बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए अभी से पढाई में कड़ी मेहनत करने की सीख दी। जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त जनपद पंचायत सीईओ को भविष्य से भेंट कार्यक्रम स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत पूर्ण सहभागिता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृत मुदित लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति लिळहारे व समस्त विकासखंड के एसडीएम समस्त तहसीलदार व विभाग अध्यक्षों ने अपने-अपने आवंटित शालाओं में प्रेरक के रूप में भविष्य से भेट कार्यक्रम में बच्चों के सुनहरे भविष्य की नींव रखी जिला शिक्षा अधिकारी पी सिंह जी ने शासकीय माध्यमिक शाला केरन लाइन कटनी में जिला परियोजना समन्वयक के.के डेहरिया ने करहिया माध्यमिक शाला में बच्चों को उच्च अध्ययन स्वास्थ्य खेल एवं सभी अकादमी गतिविधियों में सफल होने के सूत्र बताते हुए छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### जिले में अब तक कुल 1.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 20 जून 2024 तक कुल 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 0.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 20.जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र बरही में 5.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 3.2 मिमी, स्लमनाबाद में 0.4 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 0.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आज

**कटनी।** आज 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर मे प्रातः 6 बजे से आयोजित किया गया है। इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग (योगा फार सेल्फ एंड सोसायटी है) जिले मे योग दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अलावा पंचायत परिसर, आंगनबाडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि जगहों में भी किया जायेगा। जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होंगे।

### वसुधा फाल व मां शारदा मंदिर पर आधारित होंगे प्रश्न

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो'' ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के नवमें दिवस शुक्रवार 21 जून 2024 को वसुधा फाल रीठी एवं मां शारदा मंदिर विजयराघवगढ़ से संबंधित से संबंधित सवाल ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 21 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक मे जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 20 जून को रात 12 बजे तक प्रशासन की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें जिले जिले के ऐतिहासिक स्थलों के बाद प्राकृतिक छटा से भरपूर रीठी का वसुधा फाल की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जायेगी।

### जिला प्रशासन ने चार प्रतिष्ठानों पर की कार्यवाही

# मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय और संग्रहण 1.50 लाख रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। इसी क्रम मे न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते ने अमानक, मिथ्याछाप और मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय व संग्रहण पर 4 प्रतिष्ठानों के संचालकों पर समेकित रूप से 1 लाख 50 हजार रूपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश मे गोकुल पंजवानी निवासी नई बस्ती मोहन मेडिकल के सामने कटनी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की कई धाराओं का उल्लंघन पाये जाने और अवमानक घी का लूज विक्रय एवं संग्रहण करने के कारण इनके विरूद्ध 50 हजार रूपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार एक अन्य मामले मे शंकर वार्ड काछी मोहल्ला जिला नरसिंहपुर हाल मुकाम रघुनाथ गंज झंडा बाजार कटनी की फर्म कुंज बिहारी बल्लभदास पहरूआ मंडी रोड कुठला के संचालक वैभव सरावगी ने बिना एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन के दुकान संचालित करना पाये जाने पर 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जबकि दो अन्य मामलों मे मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ फन अप पंल्पी मैंगो ड्रिंक का संग्रहण एवं विक्रय किये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के न्यायालय मे प्रचलित मामले मे कार्यवाही करते हुए पंकज जायसवाल निवासी गायत्री नगर नीरज टॉकीज के पास कटनी विक्रेता अन्नपूर्णा टोस्ट सेंटर घंटाघर के विरूद्ध 25 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है। वहीं मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ पेड़ा का संग्रहण एवं विक्रय होना पाये जाने पर अनुरोध मिश्रा निवासी रपटा पेट्रोल पंप के पास खिरहनी प्रोपराईटर अंजनेय स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट दुर्गा चौक के विरूद्ध भी 25 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है। उपरोक्त सभी चारों संस्थानों के संचालकों को अर्थदण्ड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा की दशा मे कार्यवाही की जायेगी।

### कलेक्टर ने छात्रों को अच्छे अंक अर्जित करने दिये टिप्स



सच्ची लगन और कठिन परिश्रम से परीक्षा मे बेहतर परिणाम अर्जित किया जा सकता है। यह बात गुरूवार को स्कूल चलें हम अभियान के तहत देवरा खुर्द के शासकीय स्कूल मे पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने छात्रों से भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कक्षा में संवाद के दौरान कही। कलेक्टर ने देवरा खुर्द स्कूल के कक्षा आठवीं और कक्षा नवमीं के छात्र- छात्राओं से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सौ फीसदी सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर वांछित और बेहतर परिणाम हासिल करने के टिप्स दिये। कलेक्टर ने छात्रों को बताया कि अच्छे अंक हासिल करने के लिए अभी से पढ़ाई मे कड़ी मेहनत करने के कार्य मे जुट जाएं।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को, 1668 अभ्यर्थी इम्तिहान में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा संचालित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा - 2024 जिले के 4 परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित होगी जिले के चिन्हित 4 परीक्षा केन्द्रों में नामांकित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1668 है।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जबलपुर संभाग हेतु संभागीय पर्यवेक्षक आशुतोष अवस्थी, सेवा निवृत्त आई.ए.एस को नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक के सहयोग हेतु लाइजनिंग आफिसर के कार्य हेतु महेन्द्र कुमार शुक्ला आबकारी उपनिरीक्षक को दायित्व सौपा गया है।

### बनाये गये हैं चार केन्द्र

कलेक्टर अवि प्रसाद ने परीक्षाओं के सफल और सुचारू संचालन के लिये 23 जून को निर्धारित 4 परीक्षा केन्द्रों में प्राचार्यो एवं विद्यालय प्रभारियों को पीएससी प्रारंभिक पीक्षा 2024 हेतु केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया है।

### इनको बनाया केंद्राध्यक्ष

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार सरस्वती श्री विष्णु वेद हायर सेकेंडरी स्कूल हेतु रामनारायण पाण्डेय को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 400 है। इसी प्रकार सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस स्टेण्ड हेतु अभिषेक बैनर्जी को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र के अभ्यर्थियों की संख्या 500 है। वहीं सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के.डी.सी, हेतु आशीष श्रीवास्तव को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 500 है। इसी तरह शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल माधव नगर परीक्षा केन्द्र हेतु एम किडो को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा केन्द्र में नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या 268 है।

### जुलाई में सीएम राइज स्कूल से प्रारंभ होगा नेत्र परीक्षण

# जिले के 1. 70 लाख छात्रों और शिक्षकों का नेत्र परीक्षण कर दिये जाएगें नि:शुल्क चश्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बच्चे राष्ट्र का भविष्य है एवं भविष्य को सुनिश्चित रखना वर्तमान का दायित्व है'' इस महत्वपूर्ण सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रयासों से जिले के सभी छात्र-छात्राओं क निःशुल्क नेत्र परीक्षण सहित जरूरत के मुताबिक उन्हे निःशुल्क चश्मा वितरण कार्य हेतु साईट सेवर्स संस्था एवं वेन गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से वित्तीय संसाधन व सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ने आगे हांथ बढाया है। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में सीएम राइज स्कूल कटनी से नेत्र परीक्षण कार्य की शुरूआत होगी।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, जिला परियोजना समन्वयक के.के.डहेरिया, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजमणि पटेल, डीपीएम डॉ.सिंघई, साईटसेवर इंडिया से श्रीमती जयश्री कुमार, नेत्र विभाग प्रमुख सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय सुबीस, परम, भूपेंद्र, भारत पटेल, आशीष, के साथ शिक्षा विभाग के समस्त ऐपीसी, बीआरसी और बी एस के डॉक्टर्स व नेत्र सहायक की मौजूदगी रही।

कलेक्टर की पहल पर जिले के समस्त बच्चो का साईटसेवर्स संस्था द्वारा विद्या ज्योति स्कूल आई हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार चश्मा निर्धारण कर निःशुल्क वितरण किया जायेगा। साथ ही जरूरतमंद छात्रों की निः शुल्क शल्य क्रिया की जाएगी। इस हेतु साईटसेवर्स इंडिया, एवं वेन गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से वित्तीय संसाधन व सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराये जायेगे। इस कार्यक्रम की खासियत से अवगत कराते हुए बताया कि शिविर में बच्चो के साथ-साथ समस्त शिक्षकों की आंखों की जाँच की जाकर चश्मे भी निः शुल्क प्रदान किये जायेगे। जिन रोगियों में सुधार संभव नहीं है उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे।

कलेक्टर ने चिन्हांकन के दायित्व हेतु शिक्षकों पर निर्भरता कम करने के लिए सीएचओ, नेत्र सहायक व आरबीएस की सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निर्देशित किया कि मूल्यांकन कार्य एमआरसी के माध्यम से किया जायें तथा उन्होने टाइम मोशन स्टडी करते हुए मानक प्रक्रिया विकसित करने के निर्देश दिए।

विद्या ज्योति स्कूल आई हेल्थ परियोजना की अवधि तीन वर्ष होगी, इन तीन वर्षो में लगभग एक लाख सत्तर हजार छात्रों का नेत्र परीक्षण किया जायेगा व इसका शुभारम्भ कटनी के सी.एम.राइज शाला से जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में किया जायेगा।

### तय समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने विधायक व कलेक्टर ने दिये निर्देश

# फारेस्टर मैदान में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसंरचना विकास निगम द्वारा यहां फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड मे कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फारेस्टर प्लेग्राउण्ड से संबधित स्वीकृत सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय अवधि के भीतर पूर्ण किये जाने, साथ ही प्रगतिरत कार्य तय मानकों के अनुरूप कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान एस.डी एम प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार बी.के.मिश्रा, जिला खेल अधिकारी विजय भार सहित पी.डब्ल्यू डी कार्यपालन यंत्री और निर्माण एजेंसी पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान रिवाईज ले- आउट पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान विधायक जायसवाल द्वारा हॉकी मैदान को क्रिकेट मैदान की तरफ लगभग 2 मीटर शिफ्ट करने, हॉकी मैदान के पीछे रेल्वे बाउन्ड्री की ओर एक नवीन लान टेनिस ग्राउण्ड निर्माण का प्रस्ताव दिया।



### ताकि रोजगार के अवसर सृजित हों

निरीक्षण के दौरान क्रिकेट पवेलियन की गैलरी के पीछे वाले हिस्से को शिफ्ट कर दूसरी ओर बढ़ाये जाने के संबंध मे चर्चा की गई ताकि हॉकी मैदान तथा क्रिकेट पवेलियन के बीच की दूरी बढाई जा सके। इस दौरान क्रिकेट मैदान के बाजू वाली दर्शक दीर्घा को चौपाटी की ओर क्रिकेट ग्राउंड मे बनवाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी को दिव्यांगों के लिए स्पोर्ट्स और ऐसे खेलों का प्रावधान करने के निर्देश दिए गए ताकि रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। निरीक्षण के दौरान जिम के प्रावधान हेतु स्थल का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि फारेस्टर प्ले ग्राउंड में 421 लाख रुपये की लागत से पवेलियन, हॉकी ग्राउंड सहित हॉकी दर्शक दीर्धा निर्माण कार्य सहित 500 लाख रुपये की लागत से मल्टीपरपज हाल निर्माण सहित 150.16 लाख स्पैक्टेटर्स गैलरी क्रिकेट ग्राउंड निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निर्माण कार्यो में अब तक 1 करोड 57 लाख का व्यय किया जा चुका है।

### फारेस्टर मैदान में ये कार्य हो रहे

विदित हो कि फॉरेस्टर प्लेग्राउंड मे डीएमएफ मद से 5 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर हॉल का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसका कि भूतल छत कार्य प्रगति पर है। वहीं 4 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से खेल विभाग द्वारा प्रदत्त राशि से स्पेक्टेटर्स गैलरी , पैवेलियन, बाउंड्रीवाल, रोड नाली का निर्माण और क्रिकेट स्टेडियम के कार्य प्रगति पर है। वहीं जिला प्रोत्साहन योजनांतर्गत एवं विधायक निधि से 150.16 लाख रूपये की लागत से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में स्पेक्टेटर्स गैलरी के कार्य का खुदाई कार्य शुरू हो चुका है।

# जिले मे 25 हजार मैट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे खरीफ सीजन मे किसानों के लिए उर्वरक का जिले मे पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। जिले की सहकारी समितियों, विपणन संघ, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं को मिलाकर 24 हजार 998 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता मौजूद है। किसानों को उनकी मांग और जरूरत के मुताबिक पर्याप्त उर्वरक दिया जाएगा।

### उप संचालक ने दी जानकारी

इस संबंध मे उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में सर्वाधिक मात्रा मे 15 हजार 304 मीट्रिक टन यूरिया, एस.एस.पी उर्वरक 5 हजार 502 मीट्रिक टन और पोटास 40 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अलावा डी.ए.पी उर्वरक 3 हजार 264 मीट्रिक टन और एनपीके रासायनिक उर्वरक 888 मीट्रिक टन उपलब्ध है। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जिले की सहकारी समितियों मे 3 हजार 302 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरक उपलब्ध है।

इसी प्रकार विपणन संघ के पास 9 हजार 838 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक एवं एमपी एग्रो के पास 181 मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र के विक्रेताओं के पास विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरक 11 हजार 667 मीट्रिक टन उपलब्ध है। किसानों को सतत आपूर्ति और मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को पहले ही निर्देशित किया हुआ है। जिले में पर्याप्त मात्रा मे रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता है। जिले को दो दिन बाद ही उर्वरकों की और भी अतिरिक्त रैक प्राप्त होने वाली है।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट विद्यालय में आज होगा योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

**कटनी**। जिले मे 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व्यापक पैमाने पर मनाया जायेगा। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर मे आयोजित किया गया है। इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग (योगा फार सेल्फ एंड सोसायटी है) जिले मे योग दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अलावा पंचायत परिसर, आंगनबाडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि जगहों में भी किया जायेगा। जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होंगे।

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक आज

**कटनी** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे 21 जून 2024 को शाम 5 बजे से किया गया है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा ने संबंधित समस्त विभाग प्रमुखों को पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन एवं एजेंडा अनुसार बिंदुवार जानकारी विशेष वाहक के हस्ते स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानें एवं आयोजित बैठक मे उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

### कटनी सतना रेलखंड में ट्रेन से नीचे गिरने से युवक की हुई मौत



**कटनी**। ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। हादसा सतना-कटनी रेलखंड में खिरहनी फाटक और आधारकाप के बीच हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सतना-कटनी रेलखंड में खिरहनी फाटक और आधार काप के बीच एक युवक ट्रेन से नीचे गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि युवक की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है। युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सात सालों से फरार दोहरे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी**। माधवनगर पुलिस ने सात वर्षों से फरार चल रहे दोहरे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि वर्ष 2013 में आरोपी धीरज चौधरी पिता जोगेन्द्र चौधरी 21 वर्ष निवासी अमीरगंज मोहल्ला के पास थाना माधवनगर के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। जिसकी लगातार सुनवाई न्यायालय श्रीकृष्ण बुखारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी के न्यायालय में चल रही थी। प्रकरण की सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण वर्ष 2017 में उक्त आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया गया था जो लगातार फरार चल रहा था। जिसे थाना प्रभारी माधवनगर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से सुचना मिलने पर अपनी टीम के साथ 18 जून की दरम्यानी रात वारंटी धीरज चौधरी के निवास स्थान पर दबिष दी गई। वारंटी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे माधवनगर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे अब जेल भेज दिया गया है। वारंटी की गिरफ्तारी में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, आर. सुनोज दुबे, आर. भानु पाण्डेय की भूमिका रही।

---

### कहार महासंघ एवं मांझी समाज ने रैली निकाल सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# मासूम की मौत पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परसवारा खैरहाई निवासी 4 वर्षीय मासूम बालक अंशू बर्मन की ढाई महीने पहले की गई निर्मम हत्या की वारदात को लेकर कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन एवं मांझी समाज जिला कटनी ने गुरूवार को विशाल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

कहार महासंघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से की जाए, जिससे मासूम बालक और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके और आरोपी को फांसी की सजा मिले। इसके अलावा इस हत्याकांड में आरोपी के परिवार के जो भी सदस्य सहयोगी हैं, उन्हें भी शामिल करते हुए सह अभियुक्त बनाया जाए। आरोपी ओमप्रकाश गौतम के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। मृतक अंशु बर्मन नरेश बर्मन का इकलौता पुत्र था। आरोपी ने उसके घर का चिराग बुझा दिया है। पीड़ित परिवार को मप्र शासन द्वारा 1 करोड़ रुपया सहायता राशि प्रदान की जाए। घटना दिनांक के बाद से ही पीड़ित परिवार दहशत



में है। परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाए। इसके पहले कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन एवं माझी समाज जिला कटनी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रैली दिव्यांचल मैरिज गार्डन से शुरू हुई। रैली में बड़ी संख्या में कटनी, विजयराघवगढ़, बरही, कैमोर सहित प्रदेश के दूसरे जिलों से आए हजारों की तादात में स्वाजातीय बंधुओं ने अंशु को न्याय दोड्ढकी मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। विदित हो कि विगत 10 अप्रैल को वर्षीय अबोध बालक ग्राम परसवाडा खैरहाई निवासी अंशू बर्मन की अपहरण के बाद ओम प्रकाश उर्फ राजा गौतम ने निर्मम हत्या कर दी थी

#### विधायक पाठक ने कहा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट होनी चाहिए

रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने यहां पहुंचकर कहार महासंघ राष्ट्रीय संगठन की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना थी। मुझे जब घटना की जानकारी लगी, तो मैने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस से कहा। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी अभी जेल में है। मामला न्यायालय में है। पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिले, इसके लिए इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट से होना चाहिए। जिससे आरोपी को इस अपराध की कठोर सजा मिले। इस मांग का समर्थन करते हुए विधायक श्री पाठक ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग का आश्सवासन दिया

---



## क्षतिग्रस्त सड़क देख तुरंत सुधार कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा इन दिनों सक्रियता के साथ शहर के विभिन्न वार्डों व गलियों में पहुँचकर जनता के बीच जनता की समस्याओं को सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर समस्या का हल निकाल जनसेवा हेतु तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर श्रीमती सूरी ने आचार्य कृपलानी एवं संत कंवरराम वार्ड का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण में संबंधित पार्षद व स्थानीय जनों के द्वारा सिंधु भवन के सामने निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण कर संबंधित उपयंत्री एवं ठेकेदार को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही वार्ड में नाला साफ़ किए जाने के भी निर्देशित किया। इसके उपरांत संत कंवरराम वार्ड में कायाकल्प के अन्तर्गत निर्माण की गई रोड का निरीक्षण किया गया जिसने सड़क निर्माण के दौरान बेरीकेट हटा कर बड़े वाहन के चलने से कुछ जगह छतीग्रस्त सड़क पायी गई जिसको देखते हुए महापौर द्वारा संबंधित ठेकेदार को सड़क मरम्मत करवाने के निर्देश दिये। इस दौरान वार्ड पार्षद गोविंद चावला, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू डॉ रमेश सोनी, शशिकांत तिवारी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, प्र सहा.यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री जे पी बघेल, पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, ठेकेदार दीपू जायसवाल सहित स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

---

**अब तक 226 विद्यार्थियों ने लिया फार्म, 92 ने किये जमा**

## भारत निर्माण नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश पाने के लिए उमड़ रही युवाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए यहां 1 जुलाई से शुरू होने जा रही भारत निर्माण कोचिंग की बड़वारा इकाई में प्रवेश लेने के लिए क्षेत्रीय युवाओं की भीड उमड पडी है। अब तक भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु 226 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन फार्म प्राप्त किया है। इनमें से 92 छात्र-छात्राओं ने दस्तावेज सहित अपना फार्म शासकीय महाविद्यालय बड़वारा मे जमा भी कर दिया है। जबकि बड़वारा की भारत निर्माण कोचिंग मे मात्र 50 छात्र- छात्राओं को ही प्रवेश देने की क्षकता है।

कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर बड़वारा मे एक निजी कंपनी के



सहयोग से बड़वारा मे यहां के होनहार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। इस कोचिंग में प्रवेश हेतु पंजीयन फार्म प्राप्त करने और जमा करने की अंतिम तिथि 27 जून है। 50 छात्रों की क्षमता वाली इस भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश लेने के लिए उमडी संख्या को देखते हुए अब इनके बीच लिखित परीक्षा का आयोजन कर मेरिट मे आने वाले पहले 50 छात्रों का चयन कोचिंग मे प्रवेश देने के लिए किया जायेगा।

#### ये है शैक्षणिक योग्यता

भारत निर्माण कोचिंग में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पासपोर्ट साईज के दो फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग, रेल्वे, बैंकिंग आदि एक दिवसीय परीक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम कक्षा 12वीं पास या उससे अधिक शैक्षणिक योग्यता के विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे।

#### मेरिट के आधार पर चयन

बड़वारा में संचालित कोचिंग संस्थान में प्रवेश हेतु सभी छात्रों को पंजीयन फार्म भरना अनिवार्य होगा। छात्रों की संख्या निश्चित सीट से ज्यादा होगी, तो लिखित परीक्षा के आधार पर जारी मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन किया जायेगा।

---

## 56 कबाड़ दुकानों में हुई तालाबंदी की कार्यवाही



नगर निगम कटनी सीमा क्षेत्र में संचालित कबाड़ दुकानों का सर्वे गठित दलों एवं वार्ड दरोगाओ के माध्यम से किए जाने के उपरांत प्राप्त जानकारी अनुसार वह दुकानें जिनमें अवैध रूप से कबाड़ एकत्र कर रखने, बगैर अनुज्ञप्ति प्राप्त संचालन, अतिक्रमण व पर्याप्त अग्निशमन यंत्र नहीं पाये जाने संबंधी, ऐसी 56 दुकानों को चिन्हित कर 16 मई 2024 को सूचना पत्र के माध्यम जारी कर रहवासी क्षेत्र से दुकानों का संचालन बंद कर मास्टर प्लान के अनुसार ग्राम पहरुआ में स्थानांतरित करने हेतु निर्देर्शित किया जाकर 15 दिवस का समय प्रदान किया गया था। उक्त दुकानदारो द्वारा निर्धारित समयसीमा के पश्चात भी उक्तानुसार वांछित कार्यवाही नहीं किए जाने के फलस्वरूप जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस के विभिन्न 7 अलग अलग संयुक्त दल गठित कर शहर में स्थित उपरोक्त सभी 56 दुकानों को आज दिनांक 20 जून 2024 को आगामी आदेश तक लिए सील किया जाकर तालाबंदी की कार्यवाही की गई है।

---

## प्रवेशोत्सव मनाने के साथ पालकों एवम शिक्षकों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में कक्षा 6 वी से 12 तक की समस्त कक्षाओं के शिक्षक एवम अभिभावकों की बैठक प्राचार्य जुगल किशोर चौरसिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार स्कूल चलो अभियान के तहत शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़वारा संकुल प्राचार्य जुगल किशोर चौरसिया के मार्गदर्शन में किया गया। बड़वारा संकुल अंतर्गत समस्त शासकीय स्कूलों में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को रोली तिलक लगाकर मीठा खिलाकर सम्मान कर स्कूलों में प्रवेश दिलवाया गया। तीन



दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं की शाला प्रांगण में फ़ोटो ग्राफी की गई। जिससे छात्र छात्राओं में काफी उत्साह नजर आया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में संकुल प्राचार्य जुगल किशोर चौरसिया के सौजन्य से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवम अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं।

संस्था के संरक्षक प्राचार्य द्वारा अभिभावकों व शिक्षकों की संयुक्त बैठक में अभिभावकों को उनके दायित्वों व विद्यालय मे शिक्षकों के सहयोग हेतु आग्रह किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जहांन सिंह, श्रीमती गर्ग, कश्यप मेडम, उर्मिला कोरी आदि मौजूद थे।

---

**दिल्ली पब्लिक स्कूल में अनूठी पहल का हुआ आयोजन**

## विद्यार्थियों के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण एवं बुक मार्क का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिल्ली पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश प्रक्रिया के साथ ही शिक्षा और पर्यावरण के लिए नए छात्रों को विशेष वृक्षारोपण दिवस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत का जश्न मना सकें। आज के इस विशेष अवसर पर, जन्मदिन को मनाने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। वृक्षारोपण और बुक मार्क वितरण के माध्यम से हम पर्यावरण की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

इस पहल के तहत, हमारे विद्यालय के सभी बच्चों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए। हर एक पेड़ एक नया जीवन है और



भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक उपहार। वृक्षारोपण से न केवल हमें स्वच्छ हवा मिलेगी, बल्कि यह पृथ्वी को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, एक और महत्वपूर्ण कार्य किया गया - बुक मार्क का वितरण। इन बुक मार्क से बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, वृक्षारोपण के महत्त्व और उन्हें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करने का भी एक तरीका है।

जन्मदिन का यह अवसर इस बात का प्रतीक है कि हर छोटा कदम, चाहे वह वृक्षारोपण हो या जागरूकता फैलाना, हमारे समाज और पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। हम सभी मिलकर इस पहल को आगे बढ़ाएं और अपने पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लें। इस जन्मदिन को यादगार बनाएं और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक साथ कदम बढ़ाएं।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्रचार्या श्रीमती शबनम अख्तर ने बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

### बादलों के छाए रहने एवं बारिश होने से किसान भी खेती के लिए हो गए सक्रिय

## प्री मानसून ने दी दस्तक, बारिश होने से गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पिछले एक माह से प्रचंड गर्मी झेल रहे लोगों को गुरूवार की शाम हुई प्री-मानसून की पहली बारिश ने राहत पहुंचाई है। गरज व तेज हवा के साथ बरसात शुरू हो गई। इस बरसात के बाद मौसम सुहावना हो गया और हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। गौरतलब है कि पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से जिले का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा था। बीते कुछ दिनों से बादलों की आवाजाही बनी हुई है। गुरूवार शाम बरसात से अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

बादलों के छाये रहने एवं प्री मानसून की बरसात के बाद अब किसान भी सक्रिय हो गये हैं। खेतों में खरीफ सीजन की बोवनी के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। खाद व बीज के लिए आपाधापी भी शुरू हो गई है। खाद व बीज के लिए सोसायटियों में किसानों की लाइन नजर आने लगी हैं। हालांकि अभी झमाझम बारिश होने के बाद ही खेतों में जुताई



का कार्य प्रारंभ हो सकेगा। जुताई के बाद खेतों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के बाद ही धान रोपाई का काम भी जोर पकड़ेगा। इस सीजन की प्री मानसून की पहली बरसात शाम करीब करीब साढ़े 5 हुई। हालांकि बीते दो तीन दिनों से आसमान में बादल छाने हुए हैं। पहले हवा चली और उसके बाद बारिश शुरू हो गई। अनेक जगह पर अच्छी बारिश हुई। शहर में भी कई जगहों पर हल्की तथा कई जगहों पर तेज बारिश दर्ज की गई, जबकि जिले के ग्रामीण अंचलों में अनेक जगहों पर अच्छी बारिश होने की जानकारी भी मिली है।

प्री-मानसून के आगाज से पहले जून में लोग भीषण गर्मी का प्रकोप सहने को मजबूर दिखे। अस्पतालों में डायरिया, त्वचा, लू के संदिग्ध लक्षणों वाले मरीजों की कतार लग रही है। लेकिन दो तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने मौसम अनुकूल बने रहने पर हल्की, तेज बारिश होने और तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्री-मानसून की बारिश का आगाज हो गया है।

#### उमस भरी गर्मी से मिली राहत

गौरतलब है कि जिले में जून माह के दूसरे पखवाड़े में ही मानसून दस्तक देता है। हालांकि कुछ सालों में जून के पहले सप्ताह तक एक दो बार प्री मानसून की बारिश हो जाती थी, परंतु इस वर्ष जून माह का तीसरा सप्ताह प्रारंभ होने के बाद भी लोगों का प्री मानसून का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है लेकिन गुरूवार को करीब 15 मिनट तक हुई बारिश से लोगों के चेहरे खिल उठे। प्री मानसून की पहली बारिश होते ही मौसम पूरी तरह से बदल गया। जबकि इससे पहले उमस भरी भीषण गर्मी से हलाकान लोगों को बारिश होते ही ठंडी हवाओं के चलने से राहत मिली। बारिश होते ही अधिकांश युवा मोटर साइकिलों में बारिश का मजा लेने सडक़ पर निकल गए। वहीं, बच्चे घरों के आंगन तथा छत पर बारिश में भीगकर

---



## ट्रकों में टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र में जबलपुर-कटनी रोड पर पडुआ गांव के पास एक खड़े ट्रक में सामने से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई है, जबकि टक्कर मारने वाले दूसरे ट्रक का चालक फरार हो गया।

#### पडुआ गांव के पास हादसा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को चालक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के चरगवां गांव निवासी प्रमोद उर्फ बबलू पिता साहब सिंह 45 ने बुधवार को कटनी-जबलपुर रोड पर पडुआ गांव के पास ट्रक खड़ा किया। इसी दौरान सामने आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक प्रमोद सिंह गंभीर घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## खबर संक्षेप

### जिला टास्क फोर्स त्रैमासिक बैठक आज

**दमोह।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डी.सी.डब्लू.पी.सी) मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सह किशोर सशक्तिकरण बाल विवाह एवं बाल हिंसा रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स त्रैमासिक बैठक कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता आज 21 जून को अपरान्ह 03 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने समस्त संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने के लिये आग्रह किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे वी डी शर्मा


**पन्ना।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तारीख 21 जून 2024 को दिन शुक्रवार स्थान जुगल किशोर मंदिर समय सुबह 6:00 बजे से मनाया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खजुराहो सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा, एवम स्थानीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मीना राजे,श्रीमती मीना पांडे, श्री संतोष यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम इस प्रकार है सभी सहभागियों की उपस्थिति प्रातः 6:00 बजे से अतिथियों का आगमन होगा ,6 बजे से , अतिथि गण का उद्बोधन। 6:10,समान योग अभ्यास 7 से 7:45 तक होगा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन समापन 7:50 पर होगा। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला के मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा जी ने समस्त आमजन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील की है।

### सिलौंडी में बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में बड़े स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बंद है किसके कारण ग्रामीण बहुत परेशान हैं। गर्मी से परेशान हो रहे हैं कुछ लोगों का स्वास्थ्य भी खराब हो गया है। लाइट बंद बंद होने से जल व्यवस्था पूरी तरह बंद है जिसके कारण लोगों को लोगों के घर में पानी नहीं है पर पानी के लिए भटकते रहते।

# रेलवे अंडरब्रिज में भरा पानी और कचरा पांच गांव के बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



घटेरा स्टेशन के समीप रेलवे अंडर पास में महीनो से भरा पानी और कचरा की वजह से घटेरा हाई स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ो छात्र छात्राएं स्कूल नहीं पहुंच पा रही हैं । 15 जून को घटेरा रेलवे लाइन के उसे पर बसे आदिवासी मुहल्ले की कक्षा दसवीं मैं पढ़ने वाली छात्रा नीतू गौंड अंडर पास में पानी और कचरा भरे रहने से रेलवे लाइन पार करते वक्त मालगाड़ी की चपेट में आकर हादसे में मौत होने से घटेरा रेलवे लाइन की उसे पर बसे आदिवासी मौहल्ला सहित कसाई गढ़िया चंनपुरा मोहली मडिया पांच गांव के बच्चे दहशत में है और रेलवे लाइन को आम रास्ता समझकर रेलवे लाइन पार करने डरते है और स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। हैरानी की बात तो है ऐसी परिस्थितियों दुर्घटना घटित होने के बावजूद रेलवे रेलवे प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है और अंडर पास पुलिया में जमा कचरा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कर रहा है । स्कूली बच्चों को सुरक्षित स्कूल तक पहुंचने के लिए जरूरी अंडर पास की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । बता दें रेलवे अंडर पास में महीनों से जलभराव, प्रशासन की लापरवाही से खतरे में बच्चों की जानरेलवे लाइन से उस पार सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए सैकड़ों बच्चों अपनी जान हथेली पर रखकर रेलवे मार्ग को क्रॉस कर स्कूल जाते हैं। यह सिलसिला आज से नहीं, काफी समय से चलता रहा आ है.। लेकिन रेलवे लाइन क्रॉस करते वक्त हादसे छात्रा मौत के बाद बच्चे दहशत में है और रेलवे लाइन पार करके स्कूल नहीं जा रहे है लेकिन अंडर पास से पानी निकासी है,को कोई व्यवस्था नहीं और वारिश के पहले महीनो से पानी कचरा जमा है यह हाल खुले मौसम में है । अभी वारिश होने के बाद अंडरपास का क्या हाल होगा जहां जलभराव से स्थिति विकट होगी । और लोगों को रेलवे लाइन क्रॉस करना मजबूरी होगी। दुर्घटनाएं घटित होने का खतरा ग्रामीणों के सामने खड़ा है फिर भी छात्रों और ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की ओर न तो रेलवे प्रशासन का ध्यान है और ना ही जिला प्रशासन के द्वारा गंभीर समस्या के निराकरण को और ध्यान दिया जा रहा है ।

घटेरा हाई स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र कुमार जैन का कहनाहै अंडर पास पुलिया में महीनो से जलभराव और कचरा जमा होने से स्कूली बच्चों को लाख मना करने पर रेलवे लाइन क्रॉस करके स्कूल पहुंचते थे । 15 जून को सुबह सुबह अपनी सहेली को पुस्तक लौटने जा रही है। एक छात्रा रेलवे लाइन क्रॉस करते वक्त मालगाड़ी की चपेट में आकर दुखद मौत हो गई है जिसके डर बच्चे से अब स्कूल नहीं आ रहे है। अंडरपास में पानी भरा होने और कचरा जमा होने बच्चो को निकलना मुश्किल हो गया और सैकड़ो बच्चे प्रवेश उत्सव में भी स्कूल नहीं पहुंचे है।

# अवैध शराब बिक्री बंद करवाने सरपंच ने थाना में दिया ज्ञापन

### बोले अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं होती महिलाओं के साथ बैठेंगे आमरण अनशन पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

नोहटा थाना के ग्राम हरदुआ सड़क में लंबे समय से अवैध शराब बिक रही है जिससे गांव का माहौल बहुत ज्यादा खराब है। छोटे-छोटे बच्चे शराब के आदी बनते जा रहे हैं एवं शाम होते ही गांव की महिलाएं घर से नहीं निकल पाती। यहां तक की हनुमान मंदिर के पास भी अवैध शराब बेची जाती है जिससे लोग वहां पर पूजा करने जाने से भी डरते हैं। इस तरह से पांच स्थानों पर गांव में अवैध शराब की बिक्री करने वालो की सरपंच मिट्ठु लाल सेन ने नाम दर्ज लिखित शिकायत की है एवं ग्राम सभा का प्रस्ताव पारित कर गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लगाने सहित अवैध शराब की बिक्री करने बालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सरपंच मिट्ठु लाल सेन ने बताया कि नोहटा थाना जाकर ज्ञापन दिया जिसमें हरदुआ सड़क में बिक रही शराब की बिक्री बंद करवाने की मांग की है। यदि ज्ञापन पर तत्काल कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में ग्राम की सैकड़ो ग्रामीणों के साथ नोहटा थाने में अनशन पर बैठने की चेतवानी दी है। वही अवैध शराब की बिक्री बंद करवाने को लेकर मिट्ठु लाल सेन तेंदूखेड़ा एसडीएम से मुलाकात कर अवैध शराब की बिक्री बंद की गुहार लगाई। इसके बाद एसडीएम न्यू सरपंच को भरोसा दिलाया मैं अभी फोन पर थाना प्रभारी से बात करता हूं और तुरंत ही ग्राम में अवैध शराब की बिक्री बंद करवाने निर्देशित करता हूं।

# प्राथमिक शाला छापरी ठाकुर मे भविष्य से भेंट कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा विभाग के विशेष दिशा निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला छापरी ठाकुर में स्कूल चले- हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व सरपंच शिवराज सिंह लोधी, शाला के प्रधानाध्यापक मोती लाल अहिरवार,संकल्प समाज सेवी संस्था कार्यकर्ता सुजात खान, रूप सिंह लोधी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिथि सुजात खान ने कहा कि शिक्षा विभाग के स्कूल चले हम अभियान के माध्यम से संचालित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम,अभिभावकों के साथ चर्चा एवं भविष्य से भेट कार्यक्रम का लव्वोलुआब बस यही है कि गाँव- समुदाय का कोई बच्चा शिक्षा से बंचित नही रहना चाहिए। श्री खान ने आगे कहा कि सशक्त व्यक्ति, समाज एवं देश निर्माण के लिये देश प्रदेश मे 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिये अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाया जाना चाहिए। अतिथि शिवराज सिंह लोधी एवं रूप सिंह लोधी ने शाला के बच्चों के आवागमन हेतु ग्रामवासियों से चर्चा कर समन्वयन के साथ सड़क निर्माण कराने की बात कही। प्रधानाध्यापक मोती लाल ने वर्ष भर शाला मे दर्ज छात्रों को मिलने वाली शासन एवं शिक्षा विभाग की संचालित गतिविधियों एवं दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक पूजा सोनी एवं शिक्षिका कविता अहिरवार ने किया। इस अवसर पर बच्चों के अलावा अनेक ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम में छात्राओं को दिया मार्गदर्शन



**दमोह।** शासकीय कन्या हाई स्कूल पटेरा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्य क्रम में पंजीयन उपरांत मुख्य अतिथियों के द्वारा बालिकाओं को अपने जीवन के उतार-चढ़ाव एवं सफलता की कहानी के माध्यम से भविष्य से भेंट कराई गई । भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती दीपमाला सैनी कोऑर्डिनेटर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम ,श्रीमती बबीता विश्वकर्मा पूर्व छात्र एवं श्री संदीप नामदेव ने बालिकाओं को भविष्य से भेंट के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार प्राचार्य सुरेंद्र कटहरे ने बालिकाओं को भविष्य को स्वर्ण बनाने के लिए निरंतर परिश्रम के बारे में बताया । शिक्षक प्रमोद परौहा द्वारा बालिकाओं को आज की मेहनत के द्वारा कल का स्वर्णिम भविष्य के बारे में बताया गया । श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती मीरा तंतुवाय, श्रीमती निशा परौहा, श्रीमती रश्मि तंतुवाय एवं अखिलेश सेन की उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र पटेल ने किया ।

# शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं ब्रजेश ब्रज द्वारा गिटार बादन से सभी प्रकार के गीत एवं भजन बुदेली भाषा में सुनाएं गए जो सभी बच्चों एवं अभिभावकों को अच्छे लगें इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं टॉफी वितरण भी की गई। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्ति एवं शाला के सभी बच्चों उपस्थित रहें। अरूण टंडन, धर्मेन्द्र चोबे एडवोकेट, वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार नामदेव, नारायण प्रसाद अहिरवार, भुवानी प्रसाद सोनी, प्र.अ. एन.एम.एस. खमखेंरा, अशोंक कुमार अहिरवार, ब्रजेश ब्रज सिंगर, विकास राय, सलमान खान, शिक्षिका क्रांति अहिरवार, प्रियंका सोनी, जया मेडम, शिल्पी यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अन्य सभी की उपस्थिती रहीं।

# नीट पेपर लीक एवं नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नीट पेपर लींक एवं नर्सिंग घोटाले को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन स्थानीय बस स्टेंड चौराहे पर 21 जून 2024 दिनं शुक्रवार शाम 4 बजें आयोजित है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा है। प्रदेश एवं देश में अब तक की जितनी परीक्षा हो रही है। इन पेपरों में गडवड़ झाला करके पेपर लीक किये जा रहे है। और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सत्ता की खातिर भारतीय जनता पाटी होन हार छात्र-छात्राओं के भविष्य से खेल रही है। हाल ही में नर्सिंग परीक्षा एवं नीट के पेपर की जांच को लेकर स्थानीय बस स्टैंड पर शाम 4 बजें से कांग्रेस का धरना प्रदशन आयोजित किया गया है। धरना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक अजय टंडन ने समस्त कांग्रेस जनों, छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं आम जन मानस से धरना प्रदशन में अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# कांग्रेसजनों ने हर्षोल्लास के साथ राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**दमोह।** जिला कांग्रेस कार्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों के बीच सांसद राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया गया जिसमें कांग्रेस कमेटी के सभी मोर्चा संगठन समस्त प्रकोष्ठ मंडल सेक्टर एवं वूत प्रभारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस जनों ने राहुल गांधी के जन्मदिन को हर्ष उल्लास के साथ मनाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने मिष्ठान का वितरण करते हुए कहा कि भारत देश में आम जन मानस राहुल गांधी को देश का होन हार नेता मानते हुए उनकी लोकप्रियता दिनो दिन देश में बढ़ रही है एवं आने वाले समय में वह देश का नेतृत्व करेंगे। अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार राहुल गांधी ने कांग्रेस में एक नई ऊर्जा का संचार करते हुए कांग्रेस को एवं सहयोगी दलों के माध्यम से 237 सीटे दिलाने में अहम भूमिका निभाई वह अभूत पूर्ण जनादेश है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय टंडन, मनु मिश्रा, वीरेंद्र सिंह राजपूत, नितिन मिश्रा, विजय बहादुर सिंह, समीम कुरेशी, विक्रम ठाकुर, विजय कर्माकर ने भी राहुल गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रियाज खान, अरुण मिश्रा, आशीष पटेल, राकेश राय, मानक अहिरवार, अमित नामदेव, अमर सिंह, पप्पू कसोटया, चिश्ती, अंकित आजाद, अरुण दुबे, चंद्रशेखर राय एवं समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रीमद्भागवत कथा की हुई शुरूआत



**तेन्दूखेड़ा।** नगर के यादव मोहल्ला वार्ड नंबर 3 मे भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत महापुराण की शुरूआत हुई। प्रथम दिन कथावाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है, यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है, भागवत कथा भगवान के प्रतिअनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है, यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा श्रौता रामकुमार जागेश्वरी यादव एंव नगर के लोग सम्मिलित हुए।

# सत्संग से होती है विचारों की शुद्धि- प्रदीप शास्त्र

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पिडरई तेंदूखेड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में आचार्य प्रदीप शास्त्री द्वारा कथा की महिमा का वर्णन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि जो अपना व्यवहार और विचारों की को श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। उनका सत्संग में जरूर जाना चाहिए। सत्संग से जीवन में सात्विक ऊर्जा का प्रवाह होता है। जीवन जीने की श्रेष्ठ शैली प्राप्त होती है किससे कैसा व्यवहार होना चाहिए माता-पिता भाई-बहन मित्र परिवार समाज में किसके प्रति हमारा क्या कर्तव्य है। यह हमें सत्संग से ही प्राप्त होता है। कथा में कोमल प्रसाद उपाध्याय, अजय उपाध्याय, विजय उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, दिलीप शास्त्री, विकास शास्त्री, उमेश शास्त्री, दिनेश शास्त्री एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कथा 22 सितंबर तक चलेगी।

# पंचायत के पंचों को दिया गया प्रशिक्षण




**हटा।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों मे चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत में निर्वाचित समस्त पंचों को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव छतरपुर के तहत प्रशिक्षण क्लस्टर स्तर पर चयनित ग्राम पंचायतों मैं मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। इसी श्रंखला में चयनित बोरी कलां ग्राम पंचायत में रसीलपुर, कुलुवा कलां, विनती, बोरी खुर्द की ग्राम पंचायतों में निर्वाचित समस्त पंचों को नोडल अधिकारी की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर व पीसीओ लखन कौकडे द्वारा दिया गया जिसमें पंचायत निरीक्षक ने तीनों दिवस पंचायत के अधीनस्थ चलाई जा रही अलग-अलग शासकीय योजनाओं से संबंधित एवं पंचायत द्वारा ग्राम में कराया जा रहे विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्रदान की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर गुरुवार को मास्टर ट्रेनर नोडल अधिकारी व सचिवों द्वारा प्रशिक्षण लेने वाले पंचों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं विकास कार्यों की पुस्तक एवं अन्य सामग्री सप्रेम भेंट की गई। समापन अवसर पर नोडल अधिकारी सचिव जितेंद्र शुक्ला जागेश्वर नामदेव रोजगार सहायक सुधीर काछी रिंकू राय जनपद सदस्य प्रियेश अठया की उपस्थिति रही।

### भविष्य से भेंटः शासन से मिलने वाली सुविधाओं का किया आंकलन.....

# डिप्टी कलेक्टर शिक्षक बनकर पहुंचे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशन में 18 जून से 20 जून तक स्कूल चले हम अभियान चलाया गया जिसके अंतिम दिवस गुरुवार को स्कूल चले हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने के उद्देश्य से सभी शासकीय विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हटा विकासखंड के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बोरी कला में दमोह से डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह 12 बजे शिक्षक बनकर शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बोरी कलां पहुंचे जहां उन्होंने 1 घंटे स्कूल में रहकर बच्चों से सवाल जवाब किए। इस दौरान उन्होंने कक्षा आठवीं के बच्चों को पढ़ाया कई बच्चों से मनमानी चर्चा कर उनकी रुचि को जाना किसी ने अपनी रुचि हिंदी किसी ने अंग्रेजी और किसी ने पर्यावरण में बताई। इस दौरान उन्होंने उनकी रुचि के अनुसार उनसे संवाद कर बच्चों के साथ अपने स्कूली जीवन की यादें भी सांझा की। ओपन होने विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने तथा तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करने की सलाह दी एवं बच्चों से पूछा की पढ़ाई कैसी चल रही है, अध्यनरत बच्चों से शैक्षणिक गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली और कहा कि कड़ी मेहनत एवं कठिन परिश्रम से सभी प्रकार की बढ़ाओ को दूर किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उन्हें मिल रहा या नहीं बच्चों से जानकारी ली एवं स्कूल में भौतिक संसाधन एवं बच्चों के स्तर को जांचा एवं छात्रों से पूछा कि वह भविष्य क्या बनना चाहते हैं जिस पर सभी छात्र-छात्राओं ने अपने मन की बात डिप्टी कलेक्टर से साझा की। इसके उपरांत उन्होंने सभी कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की जानकारियां ली जिसे सुनकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक चौधरी देवेंद्र सिंह से स्कूल संबंधी अन्य जानकारियां ली। कार्यक्रम में विद्यालय में स्कूल चले अभियान के तहत स्कूल की छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश दिया वही स्कूल के प्रधानाध्यापक शिक्षकों व छात्र होने डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान डाइट संस्थान के व्याख्याता ए के सिंह, शिक्षक रामवीर सिंह राजपूत, मनीराम रोहित, बी डी पटेल, के अलावा स्कूल के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही। इसके अलावा स्कूल चले हम अभियान के तहत हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने माध्यमिक शाला रनेह पहुंचकर बच्चों से संवाद कर अध्यापन कार्य कराया इसके अलावा हटा बीआरसी एम एल अहिरवार ने शासकीय प्राथमिक शाला धूमा मैं पहुंचकर बच्चों से संवाद कर स्कूल के शिक्षकों से व्यवस्थाओं संबंधी जानकारी ली।

# नप सीएमओ पहुंचे झलौन



**झलोन।** 18 जून से तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। स्कूल चले अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में गुरुवार को नगर पंचायत सीएमओ प्रेम सिंह चोहान पहुंचे एकीकृत साला झलौन पहुंचे। उन्होने एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया एवं बच्चों को विभिन्न सफलता प्राप्ति हेतु टिप्स दिए। साथ ही बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में श्री चौहान द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के पुरस्कार वितरण किए। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक एमके जैन, हल्के लाल जैन, दिनेश जैन, चंद्रकांत हजारी, फूल सिंह ठाकुर, सन सोनी रावत, सविता मरावी, रेखा ठाकुर उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर मीना मसराम पहुंची लकलका

**दमोह।** स्कूल चलें हम अभियान के तहत ₹भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम अंतर्गत अपर कलेक्टर मीना मसराम आज शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लकलका पहुंचीं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों के लिये शिक्षा को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया। उन्होंने कहा अब नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है आज से सभी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें। अपर कलेक्टर श्रीमती मसराम ने विद्यार्थियों को सफल होने के लिये अच्छे सुझाव दिये और उन्हें आत्मसात करने का मंत्र बताया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य, स्कूली स्टॉफ के साथ छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### पत्नी की मौत, पति गंभीर, जबलपुर रेफर

# कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार दंपत्ति ट्रक के नीचे घुसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नोहटा थाना क्षेत्र से गुजरने वाले दमोह जबलपुर हाईवे पर गुरुवार को दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ट्रक के नीचे फंसे बाइक सहित चालक को मुश्किल से बाहर निकालकर हाथ ठेले से नोहटा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पति-पत्नी की हालत गंभीर होने से उनको जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति को गंभीर स्थिति के चलते जबलपुर पर किया है कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में लिया है। चालक को नोहटा पुलिस की अभिरक्षा में है जानकारी के अनुसार नोहटा थाना क्षेत्र के गांव सलैया चोबीसा निवासी




नारायण पिता उजियार (45) अपनी पत्नी गेंदा बाई (40) को अभाना बैंक से पैसा निकालकर बाइक से सलैया आ रहे थे।नोहटा पहुंचते ही कंटेनर एच आर 38 ए डी 8882 पर बस स्टैंड के पास, कंटेनर ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है बाइक में बड़े बड़े थैले टंगे हुए थे और सड़क पर लग बाजार की भीड़ भाड़ के चलते कंटेनर में थैले फसने की वजह से बाइक कंटेनर के नीचे घुस गई और बाइक चालक ट्रक के नीचे फंसा हुआ था वही पत्नी ट्रक के सामने फिक गई थी जिससे उसकी कमर व दोनो पैर टूट गए थे वही पति के पेट फट गया है भीषण सड़क हादसा देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और चीख पुकार मची हुई थी मृतक गेंदा बाई आंगवाड़ी कार्यकर्ता है जो अभाना से पति के साथ सलैया चौबीस जा रही और नोहटा बस स्टेंड पर यह भीषण सड़क हादसा हुआ है। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद यादव ने बताया की अभाना से बाइक से सलैया चौबीस जा रहे पति पत्नी को कंटेनर की टक्कर हादसे में गंभीर घायल पत्नी गेंदा बाई पति नारायण को जिला अस्पताल भेजा गया था जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया । वही पति की हालत गंभीर होने पर दमोह से जबलपुर रेफर किया गया है। कंटेनर को कब्जे में ले लिया है और चालक भी नोहटा पुलिस की अभिरक्षा में है मृतिका के शव पंचनामें की कार्रवाई आज सुबह होगी।

### दमोह पथरिया सड़क मार्ग सेतु की गुणवत्ता की हो जांच

**पथरिया।** एमपीआरडीसी द्वारा करीब 12 वर्ष पहले पथरिया दमोह सड़क मार्ग तो बना दिया लेकिन मार्ग में सुनार व कोपरा नदी पर पुल निर्माण करने में 12 वर्ष का समय लग गया तब कहीं बनकर तैयार हो पाए जिसमें सुनार नदी का पूणर्ता की और है जबकि कोपरा में अभी समय लगेगा पर दोनों पुल निर्माण में ठेकेदार द्वारा मनमर्जी का काम किया जा रहा है वही सुनार नदी के पुल पर चलकर देखें व दोनों तरफ की साइडे देखें तो मालूम चलेगा कि ठेकेदार द्वारा कितनी गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग किया है वही डामरीकरण होने के बाद भी नया सेतु ऐसा लग रहा है जैसे बिना कोई जांच अधिकारी की देखरेख में कार्य हुआ हो कोई लेबल ही नहीं बना। जिला कलेक्टर से जागरूक नागरिकों द्वारा मांग है कि संबंधित सेतु निर्माण की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए कि ठेकेदार द्वारा उक्त पुल में प्रयोग की गई सामग्री का मानक अनुसार उपयोग किया गया या नहीं।

## नहाने गए दो भाईयो की नदी में डूबनें से दर्दनाक मौत

### गैसाबाद थाना क्षेत्र के सिद्वन घाट का मामला



**हटा।** अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंर्तगत हुसैना ग्राम के समीप सिद्वन घाट पर व्यारमा नदी में नहानें गए दो किशोर भाईयो की नदी की गहराई में डूबनें से मौत हो जानें का घटनाक्रम सामने आया है जहां परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों शवो को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए शवों को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। जानकारी के अनुसार भैंसा निवासी गनेश कुर्मी के पुत्र विशांत कुर्मी उम्र 15 वर्ष एवं इंशात कुर्मी उम्र 13 बर्ष घर से दोपहर नहानें के लिए वलेह पंचायत के अधीन आनें वाले हुसैना गांव के सिद्वन घाट गए हुए थे जहां तेज वहाव के चलते ट्यूब पर बैठकर दोनो भाई नदी में तैर रहे थे कि अचानक गहराई में दोनों का बेलेंस बिगड़ने से तेज गहराई में डूब गये जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जहां काफी देर तक दोनो भाइयों के घर न पंहुचने पर परिजनों द्वारा मौके पर जाकर देखा तो नदी में डूब जानें की शंका हुई एवं पुलिस को तुरंत जानकारी दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों शवो को बाहर निकाला गया। घटना में एक साथ दोनो सगे बेटों का इस हादसे में खो जानें से समूचे गांव में मातम छा गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ऐसे में कैसे हो पढ़ाई...345 बच्चों की पढ़ाई एक शिक्षक के भरोसे

**बनवार।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला हरदुआ मानगढ़ संकुल केंद्र बम्होरी माला जनपद शिक्षा केन्द्र जबेरा की शाला में दर्ज 345 बच्चों बच्चो की पढ़ाई विगत 02 वर्षो से एक शिक्षक के जिम्मे है। जबकि यह शाला संकुल केंद्र बम्होरी माला जबेरा के अंतर्गत आने बाली एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हरदुआ मानगढ़ दर्ज संख्या के हिसाब से संकुल की सबसे बड़ी एकीकृत शाला है। यहाँ की दर्ज संख्या कक्षा 01 से 08 की 345 है, परन्तु यहाँ शिक्षा व्यवस्था की बिडम्बना कहे ,कि 345 बच्चे एक शिक्षक के भरोसे है । शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री सूरज सींग लोधी ने बताया इतनी अधिक 345 दर्ज संख्या होने वावजूद, एवम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जो कि बहुत पिछड़ा वर्ग है ,, यहाँ के बच्चों को योग्य अनुभवी शिक्षकों की बहुत ही आवश्यता है , शासन की मंशानुसार बच्चो की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। माध्यमिक शाला शिक्षक बिहीन एकीकृत माध्यमिक शाला हरदुआ मानगढ़ शाला में मात्र प्राथमिक शिक्षक है ,, माध्यमिक विभाग शिक्षकविहीन होने से अध्यापन कार्य अतिथियों के भरोसे हो जाता है । जबकि साल के लिए सुविधाओं की बात की जाए तो यहाँ पर राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा बच्चों को 02 स्मार्ट टी वी ,,एवम 56 नग फर्नीचर पेयजल हेतु सबमर्शिबल चालू हालत में ,,विधुत व्यवस्था,सोलर पैनल चालू ,प्रत्येक कक्ष में पंखे , बाउंड्रीबाल, इत्यादि सभी सुविधा है एक शिक्षक रघुवीर प्रसाद अहिरवाल के निरन्तर प्रयास, मेहनत से विद्यालय चालू हालत में है लेकिन विधिवत संचालन हेतु शिक्षकों की उपलब्धता के साथ साथ चौकीदार की आवश्यकता है । शासन प्रशासन ,से ग्रामीणों ने मांग की है ,कि बच्चों की पढ़ाई और बेहतर भविष्य को ध्यान रखते हुए। छात्रहित में नियमित शिक्षकों की शाला में पदस्थापना अथवा अन्य व्यवस्था की जाए अन्यथा ग्राम के लोग शिक्षकों की मांग को लेकर आंदोलन करने मजबूर होंगे ।

### इनका कहना है

संकुल केंद्र प्रभारी गोपाल महोबिया बम्होरी माला का कहना है अभी युक्तिकरण के तहत एक प्रक्रिया चल रही है जिसमें जहां शिक्षक अधिक हैं। दर्ज संख्या कम है। वहां से शिक्षकों को अन्य शालाओं में भेजा जा रहा है। जहां दर्ज संख्या अधिक है और शिक्षक कम है पिछले सत्र में एकीकृत माध्यमिक शाला हरदुआ मानगढ़ में 3 अतिथि शिक्षक वर्ग 2 एवं दो अतिथि शिक्षक प्राथमिक स्तर पर व्यवस्था की गई थी। अतिथि शिक्षक व्यवस्था बहाल होती है तो पांच शिक्षकों की व्यवस्था यथावत रहेगी संकुल स्तर पर शिक्षकों की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजे गए हैं।

## बस स्टैंड स्थित जीर्ण-शीर्ण सराय शनिवार को होगी डिसमेंटल



**हटा।** नगर के बस स्टैंड स्थित सैकड़ो वर्ष पुरानी जीर्ण-शीर्ण सराय को डिसमिनटल किए जाने हेतु जनपद पंचायत हटा कार्यालय द्वारा उक्त सराय मंव बरसों से स्थापित किरायेदारों अवैध कब्जाधारियों को खाली करने नोटिस जारी किए गए हैं जिससे उक्त दुकानदारों में खलबली मच गई। दरअसल नगर के बस स्टैंड स्थित सदियों पुरानी सराय जीर्ण-शीर्ण स्थिति में कई दुकानदार वर्षो से काबिज हैं ऐसी स्थिति में कही कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके जिस उद्देश्य को लेकर जिला स्तरीय बाढ़ आपदा संबंधी बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा हटा बस स्टैंड स्थित जीर्ण-शीर्ण सराय भवन को डिस्मेंटल किए जाना सुनिश्चित किया गया जिनके आदेश के परिपालन में जनपद पंचायत सीईओ द्वारा उक्त सराय में 24 कब्जाधारियों को खाली करने हेतु नोटिस जारी किए गए एवं आदेशित किया गया कि 21 जून शुक्रवार सभी दुकानदार सराय की जगह को खाली कर दें अन्यथा की स्थिति में जनपद पंचायत हटा किसी भी प्रकार से उत्तरदाई नहीं होगा। सराय में बरसों से काबिज दुकानदारों को मिले नोटिस से खलबली मची हुई है।

## नगर में सप्ताह में एक दिन हो रही सप्लाई, ग्रामीण क्षेत्रों से बुरे हाल

**पथरिया।** विधानसभा क्षेत्र में केवलारी व सीतानगर में सतधरू डेम बनाए पर लेकिन सोचने वाली बात है कि क्षेत्र में बने डेम का पानी अन्य विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने लगा पर वर्षो से पथरिया नगर की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में 15 जून तक के लिए नोडल अधिकारी बनाए पर सोचने वाली बात है कि नगर की जल सप्लाई में कोई सुधार नहीं हुआ। वर्तमान में सुनार नदी से पानी की सप्लाई की जा रही जो कि हर 6-7 दिनों के पहले घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है जो कि बिना फिल्टर युक्त पीने योग्य तक नहीं लेकिन जनता क्या करें मजबूरी है वही पानी पी रहे है। नगर से अच्छे हालत ग्रामीण क्षेत्रों में है। ग्रामीण क्षेत्रों में हर एक दिन के अंतराल से सप्लाई हो रही है जो कि नगर से बेहतर है। फिर भी कोई जिम्मेदार शासन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 22 करोड़ 95 लाख रूपये से ज्यादा की योजना मजाक बनकर रह गई और आम जनता आज भी पीने के पानी के लिए तरस रही है। मजबूरन नदी का बिना फिल्टर का पानी पीना पड़ रहा है। क्योंकि कोई व्यवस्था नहीं ऐसे में प्यास बुझाने के लिए जो मिल रहा वही ठीक है 6-7 दिन में जल सप्लाई होने से आखिर कहां तक कोई पानी इतना रख पायेगा कि एक सप्ताह तक चल जायेगा। ऐसे में कुप्पा लेकर इधर उधर जाकर भरने जाना मजबूरी हैं। जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी दमोह में निवास बनाए हैं। मोबाइल से सब दिशा निर्देश जारी होते हैं और सब मनमर्जी से चल रहा है। कोई कार्यवाही नही होने सब भगवान भरोसे चल रहा है।

## अपनी जिंदगी का लक्ष्य निर्धारित जरूर करें और कुछ बनकर दिखायें-कलेक्टर



**दमोह।** जिंदगी में सबसे इंपोर्टेंट चीज़ है कुछ बनना, यदि आप कुछ नहीं बनोगे तो फिर आप इस जिंदगी में कुछ भी नहीं हो, इसलिए आपने देखा होगा कि आपके घर में अपने मम्मी-पापा से पूछे वह अपनी कहानी सुनाएंगे वे कहेंगे कि हमारे समय में हमें यह सब करने नहीं मिला है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कल बड़े होने के बाद आप भी ऐसा ही कहें इसलिए ईश्वर ने आपको मौका दिया है, अच्छा स्कूल दिया है, पढ़ने का अच्छा वातावरण दिया है। मेरा सभी से आग्रह यही है अपनी जिंदगी का कोई लक्ष्य निर्धारित जरूर करें और कुछ बन कर दिखायें। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ग्राम खमरिया बिजौरा के शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ₹भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच व्यक्त किये। इस मौके पर कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से शैक्षणिक प्रश्न किये और विद्यार्थियों ने जबाव भी दिये। उन्होनें विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का पूर्ण समाधान किया। इस अवसर पर श्री भावसींग मासाब सहित प्राचार्य और शिक्षकगण भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से कहा हम लोग वर्तमान हैं, आप भविष्य हैं इसीलिए सरकार ने यह कहा था वर्तमान जो है, वह भविष्य से मिलने जाएगा। यानी ₹भविष्य से भेंट₹ मतलब हम आपसे मिलने के लिए आएंगे, इसलिए पूरे जिले में, प्रदेश में, हर स्कूल में कई अलग-अलग तरीके से लोग स्कूलों में विद्यार्थियों से मिलने के लिए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को अलग-अलग टिप्स और मोटिवेट कर रहे हैं, स्कूलों में पढ़ा रहे है, इसका उद्देश्य एक ही था की हर स्कूल के विद्यार्थी सपने देखना सीखें।

### योग संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण : कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है, जिसे भव्य तरीके से मनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गये हैं। एक्सीलेंस स्कूल के पास स्थित ग्राउंड में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दो से तीन हजार लोग शामिल होंगे। यह पर्व नागरिकों का है। कलेक्टर श्री कोचर ने बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलाएं, आम नागरिक, गणमान्य नागरिक सभी से आग्रह करते हुए कहा इस कार्यक्रम में 21 जून को प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक एक्सीलेंस स्कूल में जरूर आए और यहां पर हम सभी के साथ मिलकर योग करेंगे। योग संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग, ध्यान, आसन, प्राणायाम इनके माध्यम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं इसलिए मेरा आग्रह है कृपया अवश्य पधारे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सुबह 6 बजे से 8 बजे एक्सीलेंस स्कूल के ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

## भविष्य से भेंट : जिला पंचायत सीईओ ने बच्चो का किया मार्गदर्शन




**पटेरा।** सी एम राइज मॉडल स्कूल पटेरा मे जिला पंचायत सी ई ओ अर्पित वर्मा ने आकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया।और भविष्य मे क्या बने कैसे बने और उसके लिए पढ़ाई कैसे करें आदि जानकारी दी। सी ई ओ महोदय ने बच्चों को आई ए एस, डॉक्टर, इंजिनियर,बनने के लिए मार्गदर्शन दिया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के दौरान बच्चों मे हर्षोल्लास देखा गया।बच्चों ने सी ई ओ महोदय से अपने अपने सवाल पूछे जिनका जवाव उन्होंने बखूबी दिया। सी ई ओ महोदय के उद्बोधन के बाद विद्यालय के 10 वी, और 12 वी के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरुस्कार वितरण किये गए। कार्यक्रम का मंच संचालन बादशाह खान द्वारा किया गया। और आभार प्रदर्शन प्राचार्य विवेक नेमा एवं कमलेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे अर्पित वर्मा जिला पंचायत सी ई ओ दमोह, दिलीप उपाध्याय बी आर सी पटेरा, एवं समस्त शिक्षक एवं अतिथि शिक्षको की उपस्थिति रही।

## सीएम राईज दमोह में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** शासकीय सी.एम.राइज मॉडल स्कूल दमोह में स्कूल चलें अभियान के तृतीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अपने प्रेरक प्रसंगों के साथ अतिथि विद्वानों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अधिकारी के रूप में पूर्व डी.ओ. एवं प्राचार्य डाइट हटा एस.के. मिश्रा, आयुष जिलाधिकारी राजकुमार पटेल, डॉ. अनुराग कुमार पटेल, रिटायर्ड वरिष्ठ आयुष अधिकारी डॉ. आई.के. पटेल, शेखर पांडे, रवि पटेल, सीमा डिम्हा, अनुभवी कृषक प्रकाश पटेल एवं पॉलिटेक्निक दमोह से पधारे 10 पटवारी प्रशिक्षु जिन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों को अपने अनुभव शेयर किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सी.एम. राइज दमोह आर पी कुर्मी ने की, मंच संचालन लाइब्रेरियन संजय खरे ने किया एवं आभार शिक्षक नरेंद्र अहिरवार द्वारा व्यक्त किया गया।

## स्वच्छंद प्रवृत्ति को रोकने का नाम गुप्ति कहा : आचार्य श्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कोलाहल के माध्यम से मन हमेशा विक्षिप्त रहता है जैसे अभी एक सेकंड के लिए कुछ बोला नहीं था मैंने ऐसे ही मौन बैठे तो अच्छा लग रहा शब्दों का भी बहुत बड़ा प्रभाव रहता है और प्रदूषण भी होता है उसे शब्द प्रदूषण बोलते निष्प्रयोजन बोलने की चेष्टा नहीं होनी चाहिए। इस प्रकार आचार्य महाराज का बार-बार संघ के लिए संबोधन रहता था आवश्यक हो तो वचनों का प्रयोग करें ।एक बार गुरुदेव ने कहा था कि बोलना अनिवार्य नहीं किंतु आवश्यक हो तो आगम के माध्यम से अल्प शब्दों के माध्यम से उस विषय को पूर्ण करना चाहिए ।इच्छा नहीं जागृत होती है गुरुदेव ने कहा था आपके साथ कोई बोलना नहीं चाहता तो आपकी क्या दशा होगी आपके साथ कोई एक व्यक्ति भी वार्तालाप नहीं करना चाहता है मान लो उस समय आपके अंदर क्या व्यू उठते हैं ।अब दूसरे के अधीन क्यों हो रहे हम स्वाधीन जीवन पसंद नहीं करते समझने के लिए जब निद्रा का उदय हो जाता है तो उस समय ऑटोमेटिक ही नींद आती है तो किसके साथ आप वार्तालाप करते हो 4 --6 घंटे के लिए मान लो शयन अवस्था में समय व्यतीत हुआ किसके साथ बोल रहे हो कहने की बात है किसके साथ बोल रहे ना उस समय आपकी दृष्टि में कोई शत्रु उपस्थित हुआ है ना मित्र उपस्थित हुआ है एक अवचेतन अवस्था है उस समय कोई भी विकल्प जागृत अवस्था नहीं होती है कोई विकल्प समय व्यतीत हो जाता जागृत अवस्था में 1 घंटे के लिए मौन लो कठिनाई होती संयम कहलाता है बहुत कठिनाई होती है निकटवर्ती कोई व्यक्ति हो तो मन में भाव आता है भले बाद में 2 घंटे के लिए मौन हो लूं अभी तो भाव आता बोलना इस प्रकार से मन स्थिति एक प्रकार से होती है इसलिए उसको समझाना बहुत कठिन हो जाता है ।निष्प्रयोजन मन वचन काय की चेष्टा को रोकने के लिए कहा गया है ।यह भी कहा गया है मन वचन काय की जो स्वच्छंद प्रवृत्ति है उसको रोकने का नाम गुप्ति भी कहा है। आप मान लो किसी के साथ बोल भी रहे हैं तो भी उसको गुप्ति की संज्ञा दी जा रही ।क्योंकि स्वच्छंद प्रवृत्ति को अपने रोका है ।आपकी प्रवृत्ति तो हो रही है उसके साथ असंयम का कोई संबंध नहीं है इसलिए स्वच्छंद प्रवृत्ति को रोकने का नाम गुप्ति कहा ।गुप्ति का अर्थ भी यही है कि गोपनम इति गुप्ति जिसके माध्यम से आत्मा की रक्षा हो उसका नाम गुप्ति कहा है ।किसी दूसरे की हम रक्षा कर रहे हैं उसको गुप्ति नहीं कहा ।क्योंकि किसी न किसी प्रयोजन को लेकर के एक दूसरे की रक्षा के भाव आपके हो सकते हैं क्योंकि उसके साथ आपका संबंध जुड़ा हुआ है ऐसा लगता है कि मैं रक्षा करने जा रहा वह रक्षा नहीं मानी जाती प्राणी मात्र के प्रति रक्षा का जो भाव आता है वही वस्तु का मैत्री भाव माना जाता अथवा कारुण्य भाव माना जाता है। स्वार्थ के साथ किसी के साथ संबंध जोड़ना मात्र संबंध है उसके द्वारा संसार का निर्माण होता है ।संयम होने के उपरांत निश्चित रूप से समय पाकर के प्रयोजनीय होता है। संयोग दशा में संसारी प्राणी आनंद का अनुभव करता है। जैसे किसी का जन्म हो गया तो आनंद मानता संयोग हुआ है उसके वियोग में दुखी हो जाता है दुख का अनुभव करता है।

## शराबियों ने मचाया आतंक, सैकड़ों ग्रामीण आधी रात को पहुंचे थाने

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम भजिया में आधी रात को अवैध शराब बेचने वालों ने शराब पीकर गांव में जमकर आतंक मचाया जिससे परेशान होकर सैकड़ो ग्रामवासी और महिलाएं मंगलवार आधी रात को 12 बजे नोहटा थाने पहुंचे और गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने सहित आतंक मचाने वाले शराबियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों का आरोप था कि भजिया गांव में अवैध शराब बिक्री चलते बच्चे युवा शराब के नशे के आदी हो रहे है। शराबियों के आतंक से महिलाएं सुरक्षित नहीं है घर परिवार घरेलू हिंसा का शिकार हो रही है। हालत इतनी बेहतर हैं शाम ढलते ही महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पाती मंगलवार की रात्रि 12 बजे गांव में अवैध शराब की बिक्री करने वाले के द्वारा राजेश सिंह एवं अमर सिंह के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी और कहा हम तो शराब बेचेंगे। जहां शिकायत करना हो कर दो। इसी विवाद को लेकर शराबियों के आतंक से भयभीत सैकड़ो की संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण थाना पहुंचे। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह, किसान मोर्चा प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, जनपद सदस्य भुजबल सिंह, जनपद सदस्य जगत सिंह की मदद से शराबियों के खिलाफ कार्यवाही मामला दर्ज करवाया। संगठन के कार्यकर्ताओं पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि गांव में अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं होती है। बृहद स्तर पर अनशन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जबाबदेही नोहटा पुलिस एवं शासन प्रशासन की रहेगी।

## आर्यिकारत्न श्री पूर्णमति माताजी का कुंडलपुर से मंगल विहार



मंगल विहार विभिन्न नगर क्षेत्र की ओर निरंतर होने का क्रम जारी है। 20 जून को प्रातः आर्यिकारत्न श्री पूर्णमति माताजी ससंघ का मंगल विहार आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ ।विहार दिशा संभवतः मुरार ग्वालियर। पटेरा में आहार चर्या संपन्न हुई ।अभिनव आचार्य भगवन श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से आर्यिका रत्न श्री मृदुमती माताजी ससंघ का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ आहार चर्या पटेरा में संपन्न हुई। विभिन्न नगरों से चातुर्मास की आश लेकर मुनि भक्तों का कुंडलपुर में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज से अपने-अपने नगर में चातुर्मास हेतु निवेदन करने बड़ी संख्या में लोग कुंडलपुर पहुच रहे हैं ।बांसा ग्राम से पैदल चलकर बड़ी संख्या में लोग कुंडलपुर पहुंचे और चातुर्मास नगर में स्थापित हो इस आशा के साथ आचार्य श्री समय सागर जी महाराज से निवेदन किया।